भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE
अहमदाबाद AHMEDABAD -380015

सत्यमेव जयते

**विज्ञापन सं./ADVERTISEMENT NO.: सैक SAC:02:2025, दिनांक Dated 12.09.2025**

इसरो के विभिन्न केंद्रों/इकाइयों एवं भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (अंतरिक्ष विभाग के तहत स्वायत्त निकाय) में सहायक (राजभाषा) के पद पर भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

Online applications for recruitment to the post of Assistant (Rajbhasha) are invited from eligible candidates for various ISRO Centres/Units and Indian Institute of Space Science and Technology (Autonomous body under Department of Space);

| **पद कोड Post Code** | **पद का नाम Name of the Post** | **रिक्तियों की संख्या एवं आरक्षण विवरण तथा इसरो केंद्र/यूनिट/स्वायत्त निकाय जिसके लिए पद निर्धारित है Total No. of Vacancies, Reservation Details and ISRO Centre /Unit /Autonomous body for which the post is identified** | **अनिवार्य अर्हताएं Essential Qualifications** |
|---|---|---|---|
| **05** | **सहायक (राजभाषा) Assistant (Rajbhasha)** | कुल Total – 06<br>(अना. UR-04,<br>अ.ज.जा. ST-01,<br>अ.पि.व. OBC-01)<br><br>(04 अना. पदों में से **यूआरएससी, एलपीएससी, आईपीआरसी और इस्ट्रैक** प्रत्येक के लिए 01 पद चिह्नित है<br>Out of 04 UR posts, 01 post each is identified for **URSC, LPSC, IPRC and ISTRAC**<br>अ.पि.व. के लिए आरक्षित 01 पद **एड्रिन** के लिए चिह्नित है<br>01 post reserved for OBC is identified for **ADRIN**.<br>अ.ज.जा. के लिए आरक्षित 01 पद **सैक** के लिए चिह्नित है<br>01 post reserved for ST is identified for **SAC**) | i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा घोषित न्यूनतम 60% अंक या 10 बिंदु पैमाने पर 6.32 सी.जी.पी.ए. के साथ स्नातक। स्नातक निर्धारित समय के अंदर अर्थात् विश्वविद्यालय द्वारा निर्दिष्ट पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित की गई अवधि के अंदर पूरा किया गया हो;<br>Graduation with a minimum of 60% marks or CGPA of 6.32 on a 10-point scale as declared by any recognized University. The graduation should have been completed within the stipulated time i.e. within the duration of the course as prescribed by the University;<br>ii. कंप्यूटर पर 25 श.प्र.मि. की गति से हिंदी टंकण।<br>Hindi typewriting speed @ 25 w.p.m. on Computer;<br>iii. कंप्यूटर के उपयोग में प्रवीणता;<br>Proficiency in the use of Computers;<br>iv. अंग्रेजी टंकण का ज्ञान (वांछनीय अर्हता)<br>Knowledge in English Typewriting (desirable qualification). |
| **06** | **सहायक (राजभाषा) Assistant (Rajbhasha)** | कुल Total – 01<br>(अना. UR-01)<br><br>(यह पद **आईआईएसटी** के लिए चिह्नित है<br>This post is identified for **IIST**) | |

**द्वि/एकीकृत डिग्री कार्यक्रमों के मामले में / In case of Dual/Integrated Degree programmes:**

(क) जहां द्वि/एकीकृत डिग्री प्रमाण-पत्र में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के लिए सी.जी.पी.ए./ प्रतिशत का अलग से उल्लेख है, वहां स्नातक स्तर के लिए सी.जी.पी.ए./ प्रतिशत की गणना करने की मौजूदा प्रक्रिया को माना जाएगा;

(a) Where CGPA/Percentage for Graduation and Post-Graduation is mentioned separately in the Dual/Integrated Degree Certificate, existing procedure for reckoning CGPA/Percentage for the graduation level shall be reckoned;

(ख) जहां द्वि/एकीकृत डिग्री प्रमाण-पत्र में अध्ययन के संपूर्ण पाठ्यक्रम के लिए केवल लागू साझा सी.जी.पी.ए./ प्रतिशत का उल्लेख है, वहां पात्रता निर्धारित करते समय अध्ययन के संपूर्ण पाठ्यक्रम के लिए यथा लागू द्वि/एकीकृत डिग्री प्रमाण-पत्र में उल्लेख के अनुसार अंतिम सी.जी.पी.ए./प्रतिशत को माना जाएगा;

(b) Where a common CGPA/percentage applicable for the entire course of study is only mentioned in the Dual/Integrated Degree Certificate, the final CGPA/percentage as mentioned in the Dual/Integrated degree Certificate as applicable for the entire course of study, shall be reckoned for deciding the eligibility;

(ग) यदि किसी विश्वविद्यालय द्वारा उसके द्वि/एकीकृत डिग्री प्रमाण-पत्रों में कोई सी.जी.पी.ए./प्रतिशत निर्धारित नहीं किया जाता है, तो अध्ययन के संपूर्ण पाठ्यक्रम के लिए यथा लागू अंतिम/समेकित अंकतालिका के अनुसार संचयी सी.जी.पी.ए./ प्रतिशत को पात्रता निर्धारित करने के लिए माना जाएगा;

(c) Where a University does not prescribe any CGPA/percentage in its Dual/Integrated Degree certificates, the cumulative CGPA/percentage as per Final/Consolidated Mark Sheet, as applicable for the entire course of study, shall be reckoned for deciding the eligibility;

(घ) किसी विश्वविद्यालय/ संस्था द्वारा उसके द्वि/एकीकृत डिग्री प्रमाण-पत्र में स्नातक/स्नातकोत्तर के लिए सी.जी.पी.ए./ प्रतिशत निकालने हेतु सूत्र निर्धारित करने या न करने के बावजूद भी उपरोक्त मापदंड एकसमान रूप से लागू होगा;

(d) The criteria above will apply uniformly regardless of whether or not a University/Institution prescribes a formula to derive the CGPA/percentage for Graduation/Post Graduation in its Dual/Integrated Degree certificate;

(ङ) यदि किसी विश्वविद्यालय द्वारा उसके डिग्री प्रमाण-पत्र या समेकित अंकतालिका में अंकों के सी.जी.पी.ए. और प्रतिशत दोनों का उल्लेख है, तो कम–से-कम एक मानदंड (या तो सी.जी.पी.ए. या प्रतिशत) अं.वि./इसरो के पात्रता मानदंडो के अनुरूप होना चाहिए;

(e) Where a University mention both CGPA and percentage of marks in its Degree Certificate or Consolidated Mark-Sheet, then at least one criteria (either CGPA or percentage) should meet DOS/ISRO's eligibility norms;

(च) जहां विश्वविद्यालय द्वारा उसके डिग्री प्रमाण-पत्र या समेकित अंक-पत्र में केवल सी.जी.पी.ए. का उल्लेख है, तो उल्लेख के अनुसार सी.जी.पी.ए. आवश्यक रूप से अं.वि./इसरो के पात्रता मापदंड के अनुरूप होना चाहिए। संबंधित विश्वविद्यालय/संस्था द्वारा कोई संपरिवर्तन सूत्र निर्धारित होने के बावजूद भी, पात्रता निर्धारित करने के लिए अंकों के सी.जी.पी.ए को प्रतिशत में संपरिवर्तित करने की अनुमति नहीं है। उक्त मापदंड उन मामलों में आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होगा, जहां डिग्री प्रमाण-पत्र/समेकित अंकतालिका में मात्र अंकों के प्रतिशत का उल्लेख है।

(f) Where a University mentions only CGPA in its Degree Certificate or Consolidated Mark-sheet, then the CGPA as mentioned should necessarily meet DOS/ ISRO's eligibility criteria. Conversion of CGPA into percentage of marks is not permitted to determine eligibility, regardless of whether any conversion formula is prescribed by the University/Institution concerned. The same criteria apply mutatis mutandis in cases where only percentage of marks is mentioned on the Degree Certificate/Consolidated Mark-sheet.

**संक्षिप्तियाँ: अना.-अनारक्षित, अ.पि.व.-अन्य पिछड़ा वर्ग, अ.जा.-अनुसूचित जाति, अ.ज.जा.-अनुसूचित जनजाति, सैक-अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, एड्रिन-उन्नत डेटा संसाधन अनुसंधान संस्थान, यूआरएससी- यू.आर. राव उपग्रह केंद्र, एलपीएससी-द्रव नोदन प्रणाली केंद्र, आईपीआरसी-इसरो नोदन कॉम्प्लेक्स, आईआईएसटी-भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, इस्ट्रैक-इसरो दूरमिति अनुवर्तन एवं आदेश नेटवर्क**

**Abbreviations: UR-Un-Reserved, OBC-Other Backward Classes, SC-Scheduled Caste, ST-Scheduled Tribe, SAC-Space Applications Centre, ADRIN-Advanced Data Processing Research Institute, URSC-U.R. Rao Satellite Centre, LPSC-Liquid Propulsion Systems Centre, IPRC-ISRO Propulsion Complex, IIST-Indian Institute of Space Science and Technology, ISTRAC - ISRO Telemetry Tracking and Command Network**

**पोस्टिंग के सूचक स्थान Indicative places of posting:**

**अनारक्षित पद हेतु* For Unreserved post *:**

- **पद कोड – 05 के लिए For post code – 05;**

1. यू.आर. राव उपग्रह केंद्र (यूआरएससी), बेंगलूरु, कर्नाटक U.R. Rao Satellite Centre (URSC), Bengaluru, Karnataka
2. द्रव नोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी), वलियामाला, तिरुवनंतपुरम, केरल Liquid Propulsion Systems Centre, (LPSC), Valiamala,Thiruvananthapuram, Kerala
3. इसरो नोदन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी), महेंद्रगिरी, तमिलनाडु ISRO Propulsion Complex (IPRC), Mahendragiri, Tamil Nadu
4. इसरो दूरमिति अनुवर्तन एवं आदेश नेटवर्क (इस्ट्रैक), बेंगलूरु, कर्नाटक ISRO Telemetry Tracking and Command Network (ISTRAC), Bengaluru , Karnataka

- **पद कोड – 06 के लिए For post code - 06;**

1. भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी), तिरुवनंतपुरम, केरल Indian Institute of Space Science and Technology (IIST), Thiruvananthapuram, Kerala

**अ.पि.व. के लिए आरक्षित पद हेतु For post reserved for OBC:**

- **पद कोड – 05 के लिए For post code – 05;**

1. उन्नत डेटा संसाधन अनुसंधान संस्थान (एड्रिन), सिकंदराबाद, तेलंगाना Advanced Data Processing Research Institute (ADRIN), Secunderabad, Telangana

**अ.ज.जा. के लिए आरक्षित पद हेतु For post reserved for ST:**

- **पद कोड – 05 के लिए For post code – 05;**

1. अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक), अहमदाबाद, गुजरात Space Applications Centre (SAC), Ahmedabad, Gujarat

* कौशल परीक्षा से पूर्व/ के समय अभ्यर्थियों को नियुक्ति की प्राथमिकता प्रदान करनी होगी। हालांकि, नियुक्ति के स्थान के संबंध में अंतिम निर्णय सैक/ इसरो द्वारा लिया जाएगा।

* Candidates shall be required to submit their preference of posting prior to/at the time of skill test. However, the final decision regarding place of posting shall be taken by SAC/ ISRO.

| वेतन मैट्रिक्स में वेतन एवं स्तर PAY & LEVEL IN THE PAY MATRIX | | |
|---|---|---|
| **पद कोड**<br>**Post Code-05 & 06**<br><br>**सहायक (राजभाषा)**<br>**Assistant (Rajbhasha)** | स्तर Level-04<br>(₹25,500-₹81,100) | इसके अतिरिक्त इस विषय पर मौजूदा नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता (डी.ए.), मकान किराया भत्ता (एच. आर. ए.) तथा परिवहन भत्ता देय होगा। कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन योजना/ एकीकृत पेंशन योजना में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा, केंद्रीय सरकार के आदेशानुसार क्वार्टरों की सीमित सुविधा (एच.आर.ए. के एवज में), छुट्टी यात्रा रियायत, समूह बीमा, गृह निर्माण अग्रिम इत्यादि दिया जाएगा। अं.वि./इसरो आदेशों के अनुसार स्वयं एवं आश्रितों के लिए चिकित्सकीय सुविधाएं, कैंटीन सुविधा प्रदान की जाएगी।<br>In addition, Dearness Allowance (DA), House Rent Allowance (HRA) and Transport Allowance are payable as per extant rules on the subject. The employees will be governed by the National Pension System/ Unified Pension Scheme. Further, limited quarters facility (in lieu of HRA), Leave Travel Concession, Group Insurance, House Building Advance etc. are admissible as per Central Government orders. Medical facilities for self and dependents, canteen facility are admissible as per DOS/ISRO orders. |

| आयु सीमा AGE LIMIT | |
|---|---|
| **पद कोड**<br>**Post Code-05 & 06** | **02.10.2025** को 18 से 28 वर्ष तक<br>18 to 28 years as on **02.10.2025** |

**<u>नोट/ NOTE :</u>**

- अ.पि.व. और अ.ज.जा. के लिए आरक्षित पदों के तहत अ.पि.व. अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 03 वर्ष और अ.ज.जा. के अभ्यर्थियों के लिए 05 वर्ष की छूट की अनुमति है। भूतपूर्व सैनिक (भू.पू.सै.), मानक दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी), सरकारी कर्मचारियों, विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और महिलाएं जो न्यायिक रूप से अपने पति से अलग हो गई हैं और जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, वे भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट के पात्र हैं। जो पद अ.पि.व. के लिए आरक्षित है, उनमें आरक्षण केवल उन अ.पि.व. उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध होगा जो क्रीमी लेयर में नहीं आते हैं। अ.पि.व. के प्रमाणपत्र में क्रीमी लेयर से बाहर होने के संबंध में खंड विशेष रूप से शामिल होना चाहिए और वह आवेदन प्रस्तुत करते समय मान्य होना चाहिए।
  Relaxation in upper age limit by 03 years for OBC candidates and 05 years for ST candidates is allowed, against the posts reserved for the category. Ex-servicemen (ESM), Persons with Benchmark Disabilities (PwBD), serving Govt. employees, Widows, Divorced women and women judicially separated from their husbands and who are not remarried are eligible for age relaxation as per Government of India Orders. In respect of OBC candidates, reservation will be applicable only to those OBC candidates who do not fall in creamy layer. OBC certificates must specifically include the clause regarding exclusion from Creamy Layer and should be valid at the time of filling of the application.

- सभी पद कोड के लिए पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के संबंध में कार्यात्मक आवश्यकताएं: एस-सिटिंग, एसटी-स्टैंडिंग, डब्ल्यू (वॉकिंग), एल-लिफ्टिंग, एमएफ (मैनिप्युलेशन विद् फिंगर्स), आरडब्ल्यू- (रीडिंग एंड राइटिंग), एसई (सीईंग), एच (हियरिंग) एवं सी (कम्युनिकेशन) हैं।
  Functional Requirements in respect of PwBD candidates for all post codes is S (Sitting), ST (Standing), W (Walking), L (Lifting), MF (Manipulation with fingers), RW (Reading & Writing), SE (Seeing), H (Hearing) and C (Communication).

## चयन प्रक्रिया SELECTION PROCEDURE

### (I) स्क्रीनिंग प्रक्रिया Screening Process

निर्धारित अनिवार्य अर्हता **न्यूनतम** आवश्यकता है तथा केवल उक्त का धारण अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए योग्य नहीं बनाता है। आवश्यकता होने पर, ऑन-लाइन आवेदन पत्र में उल्लिखित जानकारी के आधार पर पहले स्क्रीनिंग की जाएगी तथा केवल चयनित अभ्यर्थियों को ही लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

The essential qualification prescribed are the **MINIMUM** requirements and only possession of the same, does not make the candidates eligible to be called for Written Test. If required, there will be an initial screening, based on the information furnished in online application and only those screened-in candidates will be called for the Written Test.

### (II) द्वि-स्तरीय नियुक्ति प्रक्रिया: (1) लिखित परीक्षा और (2) कौशल परीक्षा ।
### Two Level recruitment process : (1) Written Test and (2) Skill Test.

**पद कोड**
**Post Code-05 & 06**

**सहायक (राजभाषा)**
**Assistant (Rajbhasha)**

**(1) लिखित परीक्षा / WRITTEN TEST**

**(i)** लिखित परीक्षा कागज़-कलम आधारित परीक्षा / ऑनलाइन (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) होगी जैसा कि सैक/इसरो द्वारा तय किया जाता है।
The written test will be a pen-paper based examination / Online (Computer based test) as decided by SAC/ISRO.

**(ii)** 120 मिनट की अवधि की वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा (पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए यथा लागू प्रतिपूर्ति समय के साथ) । लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम और पैटर्न **संलग्नक–I** में दर्शाया गया है।
Objective type test of 120 minutes' duration (with compensation time as applicable for PwBD candidates). Syllabi and pattern of written test is at **Annexure-I.**

**(iii)** अर्हक अंक Qualifying Marks :

a) अना. श्रेणी के लिए 50% अंक (भाग क, ख, ग एवं घ प्रत्येक में अलग-अलग प्राप्त करने हैं)
50% marks (to be individually secured in Part A, B, C & D each) for UR category

b) आरक्षित श्रेणी के लिए 40% अंक (भाग क, ख, ग, एवं घ प्रत्येक में अलग-अलग प्राप्त करने हैं), केवल अनुसूचित आरक्षित रिक्ति के समक्ष विचारार्थ
40% marks (to be individually secured in Part A, B, C & D each) for reserved categories, strictly for consideration against notified reserved vacancies.

लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर, रिक्तियों की श्रेणी-वार संख्या के अनुसार अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए 1:5 (अधिकतम) के अनुपात में लघुसूचीकृत किया जाएगा, कुल न्यूनतम 10 अभ्यर्थी होंगे ।

Based on performance in the written test, candidates will be short-listed for skill test in the ratio of 1:5 (maximum) to the category-wise number of vacancies, with an aggregate minimum of 10 candidates.

**(2) कौशल परीक्षा / SKILL TEST**

**(i)** कौशल परीक्षा में शामिल है:
Skill Test will comprise of:

**a) कंप्यूटर ज्ञान परीक्षा Computer Literacy Test –**
कंप्यूटर ज्ञान परीक्षा का पाठ्यक्रम और पैटर्न **संलग्नक–II** में दर्शाया गया है।
The Syllabi and Pattern of Computer Literacy Test is at **Annexure-II.**

**b) हिंदी टंकण परीक्षा Hindi Typing Test –**
हिंदी टंकण परीक्षा हेतु, अभ्यर्थियों को कंप्यूटर पर यूनिकोड फॉन्ट में इनस्क्रिप्ट की-बोर्ड का उपयोग करते हुए 25 शब्द प्रति मिनट की गति से हिंदी में 250 शब्दों के दिए गद्यांश को टंकित करना होगा।

| | |
|---|---|
| | For the Hindi typing test, candidates have to type a given passage of 250 words in Hindi at a speed of 25 words per minute on Computer using INSCRIPT keyboard with UNICODE font.<br><br>**c) उत्तीर्ण होने के मापदंड/ Pass Criterion-**<br>1. कंप्यूटर ज्ञान परीक्षा: /Computer Literacy Test:<br>• अना. श्रेणी के लिए 60% अंक<br>60%marks for UR category<br>• अनुसूचित आरक्षित रिक्ति के समक्ष आरक्षित श्रेणी के लिए 50% अंक<br>50% marks for reserved categories, against notified reserved vacancies<br>2. हिंदी टंकण परीक्षा/Hindi Typing Test:<br>• अना. श्रेणी के लिए 5% (अधिकतम) गलतियां<br>5% mistakes (maximum) for UR category<br>• अनुसूचित आरक्षित रिक्ति के समक्ष आरक्षित श्रेणी के लिए 8% (अधिकतम) गलतियां<br>8% mistakes (maximum) for reserved categories, against notified reserved vacancies<br><br>**(ii)** अंतिम चयन, कौशल परीक्षा में अर्ह पाए जाने वाले अभ्यर्थियों में से लिखित परीक्षा में अर्जित अंकों के आधार पर होगा। **अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में अर्जित अंक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने तक पूर्णतः गोपनीय रखे जाएंगे।**<br>Final selection, will be based on marks scored in the written test from among the candidates who qualify in the skill test. **Marks scored by candidates in written test will be kept strictly confidential until conclusion of the recruitment process.**<br><br>**(iii)** लिखित परीक्षा के अंकों में बराबरी (टाई) होने की स्थिति में, आवश्यकता के आधार पर एक के बाद एक लागू किए जाने वाले निम्नलिखित टाई-ब्रेकरों के आधार पर अभ्यर्थियों की पारस्परिक योग्यता निर्धारित की जाएगी:<br>In the event of a tie in Written Test marks, the inter-se merit of candidates will be decided based on the following tie-breakers to be applied one after the other on need basis: -<br>(a) हिंदी भाषा एवं व्याकरण में प्राप्तांक<br>Marks scored in Hindi Language & Grammar;<br>(b) जन्म तिथि, ज्यादा आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता देते हुए<br>Date of birth, with older candidate placed higher. |

| **महत्वपूर्ण सूचना IMPORTANT INFORMATION :** | |
|---|---|
| 1. | अभ्यर्थियों को स्वयं सुनिश्चित करना होगा कि वे पात्रता मानदंडों और विज्ञापन में निहित आवश्यकताओं को पूर्ण करते हैं। अत: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पढ़ें और आवेदन फार्म भरकर इस संबंध में दिए गए अनुदेशों के अनुसार सबमिट करें।<br>It is for candidates to ensure that he/she fulfils the eligibility criteria and the requirements contained in this advertisement. Candidates are, therefore urged to carefully read the advertisement and complete the application form and submit the same as per instructions given in this regard. |
| 2. | ऊपर दर्शायी गई रिक्तियां अनंतिम हैं तथा संगठन की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर बढ़ाई या घटाई जा सकती हैं। इसरो/अंतरिक्ष विभाग/केंद्र/इकाइयां/स्वायत्त निकाय प्रशासनिक सुविधा के अनुसार किसी भी स्तर पर भर्ती रद्द करने/किसी भी पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है।<br>The number of vacancies indicated above are provisional and may be increased or decreased depending on the actual requirements of the Organisation. ISRO/Department of |

| | |
|---|---|
| | Space/Centres/Units/Autonomous Body reserves the right to cancel recruitment at any stage/ not to fill-up any of the post, as per administrative convenience. |
| 3. | लिखित परीक्षा के लिए स्थान नियत समय में तय किया जाएगा। हालांकि, अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु अठारह शहरों – अहमदाबाद, बेंगलूरु, भोपाल, भुबनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, देहरादून, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, रायपुर, रांची एवं तिरुवनंतपुरम का विकल्प दिया जाएगा। परीक्षा स्थल का आवंटन आवेदन की संख्या के आधार पर किया जाएगा। हालांकि, परीक्षा का आयोजन अहमदाबाद और/ या दूसरे शहर में करने का अधिकार सैक/इसरो के पास सुरक्षित है।<br>Venue for the Written Test shall be decided in due course of time. However, the candidates shall be given option to appear for written examination from among the eighteen cities viz. Ahmedabad, Bengaluru, Bhopal, Bhubaneshwar, Chandigarh, Chennai, Dehradun, Guwahati, Hyderabad, Jaipur, Kolkata, Lucknow, Mumbai, Nagpur, New Delhi, Raipur, Ranchi and Thiruvananthapuram. The allocation of examination cities shall be done based on the number of applications received. However, SAC/ISRO reserves the right to conduct examination in Ahmedabad and/or any other cities. |
| 4. | लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा हेतु स्क्रीन-इन हुए अभ्यर्थियों को सूचना मात्र ई-मेल/ सैक वेबसाइट के माध्यम से ही दी जाएगी। अतः आवेदन प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी अपने सही ई-मेल आईडी अनिवार्य रूप से भरें। इसके अलावा, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-मेल की (स्पैम मेल सहित) नियमित रूप से जांच करते रहें और समय-समय पर सैक वेबसाइट देखते रहें। अभ्यर्थियों को उनके स्वयं के कारणों से सूचना प्राप्त न होने के लिए सैक/ इसरो उत्तरदायी नहीं होगा।<br>Intimation to screened-in candidates for Written Test/Skill Test will be sent through E-mail/ SAC website only. For this purpose, candidates are required to furnish their E-mail ID correctly and compulsorily while submitting the application. Moreover, the applicants are advised to check their e-mail (including spam mail) regularly and visit the SAC website from time to time. SAC/ISRO will not be responsible for non-receipt of intimation to the candidates due to reasons attributable to them. |
| 5. | जो **02.10.2025** तक अनिवार्य अर्हता पूर्ण करते हैं, केवल वही आवेदन करें।<br>Those who possess the required qualification as on **02.10.2025** only need to apply. |
| 6. | यदि ऑनलाइन आवेदन में दी गई सूचना भर्ती प्रक्रिया के किसी स्तर पर गलत/ अपूर्ण पाई जाती है तो उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।<br>If any information furnished in the online application is found false/incomplete at any stage of recruitment process, the candidature will be cancelled. |
| 7. | अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के समय सत्यापन हेतु आवेदन में दिए गए विवरण के साक्ष्य के रूप में मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। उक्त दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर उन्हें कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी और उन्हें किसी यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।<br>Candidates will have to produce original documents in proof of the details furnished in their application for verification at the time of Skill Test. Those who fail to produce the said documents will not be allowed to attend the Skill Test and TA will not be paid. |
| 8. | आवेदन में अभ्यर्थी द्वारा घोषित जाति/ श्रेणी जैसे अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. अंतिम मानी जाएगी तथा बाद में इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा।<br>Caste/Category declared such as SC/ST/OBC by the candidate in the application will be considered as final and no change in the same will be entertained later. |
| 9. | लिखित परीक्षा तिथि/ केंद्र अथवा कौशल परीक्षा तिथि/ केंद्र अथवा पत्राचार के लिए ई-मेल आईडी अथवा ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत अन्य सूचना में परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>Any request for change of written test date/centre or skill test date/centre or e-mail id for communication or any other information furnished in online application will not be entertained. |
| 10. | **अनापत्ति प्रमाण-पत्र :** केंद्र/ राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्त निकायों इत्यादि में नियोजित अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के समय अथवा कभी भी मांगे जाने पर, अपने संबंधित नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' प्रस्तुत करना होगा। हालांकि, अभ्यर्थियों को किसी भी पद के लिए आवेदन अपने नियोक्ता को सूचित करते हुए तथा उनकी पूर्व अनुमति के बाद ही करना है। पद हेतु आवेदन देने के बाद रोजगार प्राप्त/ |

| | |
|---|---|
| | रोजगार बदलने वाले अभ्यर्थियों को अपने आवेदन के विवरण के बारे में नियोक्ता को सूचित करना होगा और कौशल परीक्षा के समय अनापत्ति प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। यदि कोई भी अभ्यर्थी कौशल परीक्षा के समय अनापत्ति प्रमाण-पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत नहीं कर पाता/ती है, तो उन्हें कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा यात्रा भत्ते का भुगतान भी नहीं किया जाएगा।<br>**No Objection Certificate:** Candidates who are employed under Central/ State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies etc. have to submit 'No Objection Certificate' from the employer concerned, at the time of Skill Test or as and when called for. However, the candidate should apply for the post only under intimation to and with the prior permission of the employer. A candidate who may gain/ change employment after applying for the post, is required to inform the employer the particulars of his/her application and shall mandatorily submit NOC at the time of Skill Test. Any candidate, who fails to submit NOC in original at the time of Skill Test, shall not be permitted to appear in the Skill Test and Travel Allowance will not be paid. |
| 11. | एक ही पद कोड के लिए उम्मीदवार द्वारा डुप्लीकेट/ एक से अधिक आवेदन जमा करने की स्थिति में, आगे की प्रक्रिया के लिए अंतिम आवेदन जिसके लिए आवेदन शुल्क, आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को या उससे पहले प्राप्त किया गया है, पर विचार किया जाएगा।<br>In case of submission of duplicate/multiple applications by candidates for the same post code, the latest application against which the application fee has been received on or before the last date of submission of application shall be considered for further processing. |
| 12. | शैक्षणिक योग्यता के अंकों के राउंडिंग-ऑफ करने की अनुमति नहीं है। आवेदक द्वारा दर्ज अंकों का प्रतिशत दशमलव के बाद दो अंकों तक होना चाहिए।<br>Rounding–off of marks of educational qualifications is NOT allowed. The percentage of marks, as entered by the applicant, should be upto two digits after decimal. |
| 13. | अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हिंदी माध्यम से देने का विकल्प भी है। (प्रश्नपत्र के संबंधित भाग द्विभाषी होंगे)<br>Candidates will have option to appear for written test in Hindi also. (The relevant part of the question paper will be in bilingual). |

## महत्वपूर्ण तिथियाँ /IMPORTANT DATES:

| | |
|---|---|
| आवेदन के ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए वेब-साइट लिंक खुलने की तिथि<br>Web-site Link Opening date for on-Line Registration of Applications | **12.09.2025<br>(0930 Hours)** |
| ऑन-लाइन पंजीकरण तथा शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि<br>Closing date for on-line registration & payment of fees | **02.10.2025<br>(1700 Hours)** |
| आयु की गणना, अनिवार्य अर्हताएं अर्जित करना, आदि जैसे सभी उद्देश्यों के लिए कट-ऑफ तिथि<br>Cut-off date for all purposes like computation of age, acquiring essential qualification(s), etc. | **02.10.2025** |

## संपर्क विवरण/ CONTACT DETAILS

(10.00 से 17.00 बजे सोमवार से शुक्रवार तक, सार्वजनिक अवकाश दिवसों को छोड़कर)
(From 10:00 Hrs to 17:00 Hrs, Monday to Friday excluding public holidays)

| | |
|---|---|
| सामान्य पूछताछ के लिए<br>For general queries | 079-2691 3022/ 20 |
| ऑनलाइन आवेदन भरते समय हुई तकनीकी समस्या संबंधी पूछताछ हेतु<br>For technical queries occurred during applying online | 079-2691 5512/ 10 |
| ईमेल आईडी<br>Email address | ao_rr@sac.isro.gov.in |

**अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें, विज्ञापन में जो सूचना उपलब्ध नहीं है, मात्र उसी से संबंधित प्रश्नों, यदि हैं, का ही जवाब दिया जाएगा।**

**Candidates are advised to read the advertisement carefully and queries, if any may be addressed only for which information is not available in the advertisement.**

| आवेदन फॉर्म भरने हेतु सामान्य दिशा-निर्देश<br>**GENERAL GUIDELINES FOR FILLING-UP OF THE APPLICATION FORM** | |
|---|---|
| 1. | आवेदन भरते समय अनुदेशों का सावधानी से पालन करें।<br>Follow instructions carefully while filling applications. |
| 2. | जो अभ्यर्थी इसरो केंद्रों/इकाइयों में रिक्तियों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें पद कोड-05 के अंतर्गत आवेदन करना चाहिए। जो अभ्यर्थी आईआईएसटी (अंतरिक्ष विभाग के अंतर्गत स्वायत्त निकाय) की रिक्ति के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें पद कोड-06 के अंतर्गत अलग से आवेदन करना चाहिए। अभ्यर्थी तदनुसार इसरो केंद्रों/इकाइयों और आईआईएसटी दोनों की रिक्तियों के लिए विचार किए जाने हेतु आवेदन कर सकते हैं।<br>Candidates who intend to apply for vacancies in ISRO Centres/Units should apply against Post Code – 05. Candidates who intend to apply for vacancy in IIST (Autonomous body under Department of Space) should apply separately, against Post Code – 06. Candidates can accordingly, apply for consideration against vacancies of both ISRO Centres/Units and IIST. |
| 3. | जो उम्मीदवार दोनों पदों अर्थात पद कोड-05 और पद कोड-06 के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें आवेदन शुल्क अलग-अलग देना होगा। कई पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए एक समान केंद्र चुनना होगा।<br>The candidates who intend to apply against both the posts i.e. post code – 05 & post code – 06 have to make application fee payment separately. Candidates applying for multiple posts should select common (same) written test centre. |
| 4. | संबंधित कॉलम में अपेक्षित सही आंकड़े भरें।<br>Enter correct data in the relevant columns as required. |
| 5. | अभ्यर्थियों को जन्मतिथि प्रमाण, शैक्षणिक अर्हता, जाति/जनजाति/ दिव्यांगता/ कार्यमुक्ति प्रमाण-पत्र आदि से संबंधित दस्तावेज pdf फॉर्मेट में अधिकतम 01 MB साइज में अपलोड करने होंगे।<br>Candidates are required to upload relevant documents pertaining to Date of Birth proof, Academic qualifications, Caste/Tribe/Disability/Discharge certificate etc. in pdf format not exceeding 01 MB size. |
| 6. | **<u>फोटो, हस्ताक्षर और दस्तावेज़ अपलोड करने हेतु दिशानिर्देश :</u>**<br>**<u>Guidelines for uploading Photo, Signature and documents:</u>**<br>अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पोर्टल पर निम्नलिखित दस्तावेजों की स्पष्ट इमेज/स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करनी होंगी, अन्यथा उनके आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे:<br>Candidates are required to upload clear images/scanned copies of the following documents in the Online portal, failing which their applications will be rejected:<br>• हाल ही में खींचा गया रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ (6 माह से अधिक पुराना नहीं) केवल .jpg/.jpeg प्रारूप में, अधिकतम आकार 1 MB और आयाम 500 पिक्सेल (चौड़ाई) * 500 पिक्सेल (ऊंचाई)<br>Recent colour passport size photograph (not older than 6 months) in .jpg/.jpeg format only, with maximum Size of 1 MB and dimensions of 500 pixels (width) * 500 pixels (height)<br>• हस्ताक्षर केवल .jpg/.jpeg प्रारूप में, 1 MB के अधिकतम आकार और 700 पिक्सेल (चौड़ाई) * 200 पिक्सेल (ऊंचाई) के आयामों के साथ।<br>Signature-in .jpg/.jpeg format only, with maximum Size of 1 MB and dimensions of 700 pixels (width) * 200 pixels (height).<br>• सभी आवश्यक योग्यता प्रमाण-पत्र और अनुभव प्रमाण-पत्र 1 MB के अधिकतम आकार के pdf प्रारूप में अपलोड किए जाने चाहिए।<br>All required Essential Qualification certificates and Experience certificates should be uploaded in pdf format of maximum size of 1 MB. |

| | |
|---|---|
| | • प्रसंस्करण शुल्क की पूर्ण वापसी के लिए लागू अ.जा./ अ.ज.जा./दिव्यांगता/भूतपूर्व सैनिक प्रमाण-पत्र, अधिकतम 1 MB (कोई भी एक प्रमाण-पत्र) के आकार वाले pdf प्रारूप में अपलोड किया जाना चाहिए। SC/ST/Disability/Ex-Servicemen certificate as applicable for full refund of processing Fee, should be uploaded in pdf format with maximum size of 1 MB (any one certificate).<br><br>(ऑनलाइन आवेदन भरते समय, अपलोड किए जाने वाले उपरोक्त दस्तावेजों को तैयार रखने की सलाह दी जाती है)<br>(While filling up on-line application, it is advisable to keep the above documents readily available to upload the same)<br><br>**नोट Note:**<br><br>• सेल्फी की अनुमति नहीं है। पूरा चेहरा सामने से दिखाई देना चाहिए। पृष्ठभूमि सादी/सफ़ेद होनी चाहिए। धुंधली तस्वीर या हाल ही में खींची गई रंगीन पासपोर्ट आकार की तस्वीर के अलावा अपलोड की गई किसी भी तस्वीर वाले आवेदन को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। श्वेत-श्याम तस्वीरें स्वीकार्य नहीं हैं। इसी प्रकार, अपलोड किए गए हस्ताक्षर स्पष्ट और सुपाठ्य होने चाहिए। ऑनलाइन आवेदन में इन आवश्यकताओं को पूरा न करने पर आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।<br>No selfie is allowed. Frontal view of the full face should be visible. Background should be plain/white. Application with blurred photograph or any image uploaded other than the recent colored passport size photograph, such applications shall be summarily rejected. Black and white photographs not allowed. Similarly, signature uploaded should be clear and legible. Failure to meet these requirements in the online application will lead to rejection of application.<br>• अपेक्षित दस्तावेज अपलोड किए बिना प्रस्तुत किया गया आवेदन अमान्य माना जाएगा।<br>Application submitted without uploading the requisite documents will be treated as invalid.<br>• अभ्यर्थियों को पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण-पत्र (अर्थात अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग), भूतपूर्व सैनिकों के लिए सेवामुक्ति प्रमाण-पत्र और पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, जब भी मांगा जाए, प्रस्तुत करना होगा।<br>Candidates will have to produce proof of details regarding educational qualification prescribed for the post, caste certificate (i.e. SC/ST/OBC), Discharge certificate for Ex-Servicemen and Disability Certificate for PwBD candidates as and when called for.<br>• अपलोड किए गए दस्तावेजों का सत्यापन कौशल परीक्षा के दौरान किया जाएगा तथा केवल लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा में शामिल होने से चयन के लिए पात्रता नहीं मिलेगी।<br>The documents uploaded will be verified during Skill Test and mere admission to appear for written examination/skill test will not bestow eligibility for selection. |
| **7.** | **आवेदन मात्र ऑन-लाइन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन के पंजीकरण के लिए ऑन-लाइन भर्ती पोर्टल 12.09.2025 को 0930 बजे से 02.10.2025 को 1700 बजे तक उपलब्ध रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन देखने और ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के लिए हमारी वेबसाइट https://www.sac.gov.in अथवा https://careers.sac.gov.in देखें।**<br>**Applications will be received on-line only. The on-line recruitment portal will be available from 0930 hours on 12.09.2025 to 1700 hours on 02.10.2025 for registration of application. Interested candidates may visit our web-site https://www.sac.gov.in OR https://careers.sac.gov.in for detailed advertisement and filling-up of online application form.** |
| 8. | ऑनलाइन पंजीकरण करने पर आवेदक को एक ऑनलाइन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी जिसे भविष्य के संदर्भ के लिए सावधानीपूर्वक सुरक्षित रखना होगा। आवेदन सार का प्रिंट लें। |

| | |
|---|---|
| | Upon online registration, applicants will be provided with an online Registration Number, which should be carefully preserved for future reference. Take print out of the application summary. |
| 9. | फील्ड अनिवार्य * से चिह्नित हैं और उन्हें अवश्य भरा जाना है।<br>Field marked with * is a mandatory field and requires to be filled. |
| 10. | अनु. जाति/अनु. जनजाति प्रमाण-पत्र , गैर क्रीमी लेयर (अन्य पिछड़ा वर्ग), मानक दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (पीडब्ल्यूबीडी) और पूर्व-सैनिकों के लिए डिस्चार्ज प्रमाणपत्र / एन ओ सी नीचे दिए गए निर्धारित प्रपत्र में अपलोड किए जाएं\|<br>SC/ST Certificate, Non-Creamy Layer (Other Backward Classes), Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) Certificate and Discharge Certificate/NOC for Ex-serviceman, should be uploaded in the prescribed format as given below:<br>अनुसूचित जाति Scheduled Caste<br>अनुसूचित जनजाति Scheduled Tribe<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) Other Backward Classes(Non-Creamy Layer)<br>मानक दिव्यांग व्यक्ति Persons with Benchmark Disabilities<br>पूर्व-सैनिकों के लिए डिस्चार्ज प्रमाणपत्र / एन ओ सी Discharge Certificate/NOC for Ex-serviceman. |
| 11. | कृपया ध्यान दें कि ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद उसमें सुधार नहीं किया जा सकता। इसलिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन को अंतिम रूप से जमा करने से पहले, यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन में दर्ज सभी विवरण सही हैं।<br>It may be clearly noted that online application once submitted cannot be edited later. Hence, applicants are advised to verify whether, all details entered in the application are correct, before final submission of the application. |
| 12. | **नोट**: प्रत्येक पद कोड के लिए, एक ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर के साथ केवल एक आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। 'SUBMIT' बटन क्लिक करना एक महत्वपूर्ण चरण है, क्योंकि इसके बाद कोई भी सुधार नहीं किया जा सकेगा। इसलिए अभ्यर्थी 'SUBMIT' बटन पर क्लिक करने से पूर्व एक बार फिर से सुनिश्चित कर लें कि भरी गई जानकारी सही है।<br>**NOTE:** Against each post code, only one application can be submitted with an e-mail id and a mobile number. Hence clicking the 'SUBMIT' button is a critical step, as no corrections will be possible subsequently. So candidate should ensure once again that the information is correct before submitting. |

**शुल्क का भुगतान / PAYMENT OF FEES**

प्रारंभ में **सभी** अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के रूप में रु.500 (लागू करों/ प्रभारों के अलावा) का भुगतान करना होगा। शुल्क-मुक्त श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को पूरा शुल्क (लागू करों/प्रभारों के अलावा) वापस कर दिया जाएगा। अन्य अभ्यर्थियों को रु.100/- के आवेदन शुल्क के अलावा शेष रु.400/- वापस कर दिए जाएंगे।

Initially **ALL** candidates have to uniformly pay Rs.500/- as application fee (excluding applicable taxes/ charges). Candidates belonging to fee-exempted categories, will be refunded full fee (excluding applicable taxes/ charges). Other candidates will be refunded Rs. 400/- after retaining the application fee of Rs. 100/-.

शुल्क-मुक्त श्रेणी में महिला, अनुसूचित जाति (अ.जा.), अनूसूचित जनजाति (अ.ज.जा.), पूर्व सैनिक (भू.पू.सै.) तथा मानक दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) अभ्यर्थी आते है।

Women, Scheduled Castes (SC), Scheduled Tribes (ST), Ex-servicemen (ESM) and Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) candidates belong to fee-exempted categories.

**नोट/Note:**

**लिखित परीक्षा में उपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी ही शुल्क वापसी के लिए पात्र होंगे।**

**Only those candidates, who appear for written test will be eligible for refund of fees.**

शुल्क की वापसी हेतु आवेदक को अपना सही खाता विवरण उपलब्ध कराना होगा। अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराए गए गलत खाता विवरण के कारण यदि उन्हें शुल्क वापस प्राप्त नहीं होता है तो इसके लिए सैक (इसरो) उत्तरदायी नहीं होगा। Applicant should furnish the Correct bank account details for refund of fee. SAC(ISRO) shall not be held responsible, if the candidate does not receive the refund amount due to incorrect bank account details provided by the candidate.

**आवेदन के लिए ऑनलाइन भुगतान हेतु निर्देश**
**Instructions for Online Payment for the Application**

- व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षिक योग्यता जैसे सभी विवरण भरने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज आदि अपलोड करने के बाद आवेदन जमा करने के लिए **"Submit"** बटन पर क्लिक करें।

  After filling all the details like Personal Information, Educational Qualifications and uploading all the required documents etc. click on the "**Submit**" button to submit the application.
- भुगतान पृष्ठ पर, विवरणों को सत्यापित करें और "Proceed" बटन पर क्लिक करें, "आपको भुगतान गेटवे पर पुनर्निर्देशित किया जा रहा है" संदेश के साथ एक संदेश दिखाई देगा, "**Ok**" बटन पर क्लिक करें।

  On payment page, verify the details and click on "Proceed" button, a prompt will appear with message "You are being redirected to payment gateway", Click on "**Ok**" button.
- अभ्यर्थी को भारतकोश भुगतान पोर्टल पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा, सभी विवरणों को सत्यापित करने के बाद आगे बढ़ने के लिए "**Confirm**" बटन पर क्लिक करें।

  Candidate will be redirected to Bharatkosh payment portal, after verifying all details click on **"Confirm"** button to proceed.
- अगले पृष्ठ में, अभ्यर्थी एचडीएफसी, एसबीआई, एक्सिस, आईसीआईसीआई आदि जैसे कई भुगतान एग्रीगेटर देख पाएंगे, अभ्यर्थी को नेट बैंकिंग, यूपीआई, क्रेडिट / डेबिट कार्ड जैसे भुगतान के किसी भी मोड के साथ किसी भी भुगतान एग्रीगेटर को चुनना होगा, इसके बाद कैप्चा दर्ज करना होगा, घोषणा का चयन करना होगा और "**Pay**" बटन पर क्लिक करना होगा। भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।

  In next page, candidate will be able to see multiple payment aggregators like HDFC, SBI, AXIS, ICICI etc., candidate has to choose any one payment aggregator along with any mode of the payment like Net banking, UPI, Credit/Debit card, followed by entering captcha, select the declaration and click on "**Pay**" button. No other mode of payment will be accepted.
- अभ्यर्थी को भुगतान क्रेडेंशियल्स दर्ज करने के लिए कहा जाएगा या भुगतान करने के लिए यूपीआई भुगतान अनुरोध प्राप्त होगा।

  Candidate will be prompted to enter payment credentials or will receive UPI payment request to make the payment.
- सफल भुगतान के बाद अभ्यर्थी को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सफल भुगतान का एसएमएस प्राप्त होगा और उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर भुगतान रसीद प्राप्त होगी।

  After successful payment candidate will receive successful payment SMS on their registered mobile number and will receive payment receipt on their registered Email id.
- यदि अभ्यर्थी के खाते से भुगतान डेबिट हो गया है, लेकिन पुष्टिकरण संदेश प्राप्त नहीं हुआ है, तो अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वह नया लेनदेन शुरू करने से पहले 24 घंटे तक प्रतीक्षा करें।

  Incase payment is debited from candidate's account but confirmation message not received, candidate is advised to wait for 24 hours before initiating new transaction.
- नकद प्रेषण**,** चेक**,** ड्राफ्ट**,** मनी ऑर्डर**,** आई. पी. ओ. आदि जैसे किसी भी रूप में आवेदन शुल्क के भुगतान की अनुमति नहीं है। भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।

  Payment of Application Fee in any form like cash remittance, cheque, draft, money order, IPO, etc. is not allowed. No other mode of payment will be accepted.
- आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए सभी लागू सेवा शुल्क आवेदक द्वारा वहन किए जाएंगे।

All Applicable service charges for payment of Application fee shall be borne by the Applicant.

**नोट: आवेदन पत्र और शुल्क भुगतान के अंतिम सबमिशन की कट-ऑफ तिथि एक ही होगी (02.10.2025, 1700 Hrs)।**

**Note: The cut-off date and time of final submission of the application form and payment of fees shall be the same. (02.10.2025, 1700 Hrs)**

| सामान्य शर्तें GENERAL CONDITIONS: | |
|---|---|
| 1. | **केवल भारतीय नागरिक** आवेदन करें।<br>**Only Indian Nationals** need to apply. |
| 2. | सभी पद अस्थायी हैं, लेकिन उनके निरंतर बने रहने की संभावना है।<br>The posts are temporary, but likely to continue. |
| 3. | **किसी भी रूप में पक्षप्रचार व सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा।**<br>**CANVASSING IN ANY FORM WILL BE A DISQUALIFICATION.** |
| 4. | **कोई अंतरिम पत्राचार/फोन कॉल स्वीकार नहीं किया जाएगा।**<br>**No interim correspondence/phone calls will be entertained.** |
| 5. | **कोई भी परिशिष्ट/अद्यतन/ शुद्धिपत्र केवल सैक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।** अभ्यर्थी नवीनतम अद्यतन सूचना हेतु सैक वेबसाइट **www.sac.gov.in>Careers** नियमित रूप से देखते रहें।<br>**Any Addendum/Update/Corrigendum will only be published on SAC website.** Candidates should regularly visit the SAC website **www.sac.gov.in>Careers** for latest updates. |
| 6. | कौशल परीक्षा के लिए शहर के बाहर से बुलाए गए अभ्यर्थियों को यात्रा का साक्ष्य प्रस्तुत करने पर ऑनलाइन आवेदन में दिए गए पते से कौशल परीक्षा स्थल तक आवागमन का द्वितीय श्रेणी शयनयान रेलवे का लघुतम दूरी का किराया, एसी रहित बस का किराया अथवा वास्तविक किराया, जो भी कम हो, प्रदान किया जाएगा चाहे यात्रा रेल, बस, हवाई, इत्यादि किसी भी माध्यम से की गई हो। **लिखित परीक्षा में भाग लेने हेतु कोई यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।**<br>Outstation Candidates called for Skill Test will be paid to and fro Second Class Sleeper Railway fare or non-A/C Bus fare or actual fare whichever is less as per shortest distance from the address given in on-line application to the place of skill test on production of proof of journey, irrespective of the mode of journey viz., Rail, Bus, Air, etc. **No Travel Allowance will be paid for appearing in Written Test.** |
| 7. | पद कोड-05 के तहत चयनित पदधारी को भारत में कहीं भी स्थित इसरो के किसी भी केंद्र/इकाई में तैनात किया जा सकता है और पद कोड-06 के तहत चयनित पदधारी को आईआईएसटी, तिरूवनंतपुरम (अंतरिक्ष विभाग के अंतर्गत स्वायत्त निकाय) में तैनात किया जाएगा।<br>The incumbents selected under Post Code – 05 are liable to be posted in any of the Centres/ Units of ISRO situated anywhere in India and incumbent selected under Post Code - 06 will be posted at IIST, Thiruvananthapuram (Autonomous body under Department of Space). |
| 8. | चयनित अभ्यर्थियों को चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा फिट घोषित किए जाने पर तुरंत पद पर कार्यग्रहण करना होगा।<br>Selected candidates may have to join the post immediately on being found fit by a Medical Authority. |
| 9. | इस विज्ञापन के अंग्रेजी/ हिंदी में किसी भी खंड की व्याख्या की अस्पष्टता से होने वाली संदिग्धता/ विवाद के मामले में, सैक/इसरो का निर्णय अंतिम होगा।<br>In case of any ambiguity/dispute arising on account of interpretation of any clause either in Hindi/English of this advertisement, the decision of SAC/ISRO will be final. |

**सरकार ऐसे कार्यबल हेतु प्रयास कर रही है जिसमें लैंगिक संतुलन हो, अतः महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

**Government strives to have a workforce which reflects gender balance and so women candidates are encouraged to apply.**

ऑनलाइन आवेदन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क भुगतान हेतु भर्ती पोर्टल 12.09.2025 को 0930 बजे से 02.10.2025 को 1700 बजे तक खुला रहेगा।

Online recruitment portal will be open from 0930 hours on 12.09.2025 to 1700 hours of 02.10.2025 for online registration of application and payment of application fees.

**अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए इसरो वेबसाइट www.sac.gov.in देखें।**

**VISIT OUR WEB-SITE www.sac.gov.in FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION.**